सार-समाचार

बंगाली समाज का महोत्सव आज से

जोधपुर, (कासं)। शहर में निवासरत बंगाली समाज की ओर से शहर के विभिन्न जगहों पर 27 सितंबर से दुर्गा पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह महोत्सव देवी बोधन के साथ आरंभ होगा और दो अक्टूबर को विजयादशमी के दिन संपन्न होगा। शहर के सबसे प्राचीन जोधपुर दुर्गाबाड़ी समिति की ओर से 83वां सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव 27 सितंबर से दो अक्टूबर तक नेहरू पार्क के पीछे प्रथम डी रोड सरदारपुरा में धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति सचिव अमित रॉय ने बताया कि प्रथम दिन 27 सितंबर को शाम सात बजे देवी बोधन पूजन, 28 सितंबर को रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 29 सितंबर को सुबह सात बजे से पूजन प्रारंभ होगा। इसी तरह तीस सितम्बर महाअष्टमी को दोपहर में संधि पूजन, महानवमी और एक अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे नवमी पूजन, 11 बजे कुमारी पूजन व एक बजे हवन, रात्रि आठ बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। विजयादशमी को सुबह नौ बजे से दशमी पूजन, दर्पण विसर्जन एवं जुलूस प्रस्थान व शाम को बिजोया सम्मेलन होगा। कमला नेहरू नगर क्षेत्र के ईएसआइअस्पताल रोड स्थित बंगाली कॉलोनी मैदान में पांडाल निर्माण किया गया है। यहां माता की विशाल प्रतिमा स्थापित कर पांच दिवसीय पूजन किया जाएगा। बाइजी तालाब क्षेत्र में बंगाली स्वर्ण आभूषण कारीगरों की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाएगा। वहीं कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर नौ में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में करीब 13 फीट ऊंची मां दुर्गा की अस्थायी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। समाज के प्रवक्ता सुमन विश्वास ने बताया कि कोलकाता से आए मूर्ति कलाकारों ने इको-फ्रेंडली प्रतिमाएं तैयार की हैं, जिनमें मां दुर्गा के साथ गणेश, लक्ष्मी, कार्तिकेय और सरस्वती की प्रतिमाएं भी शामिल हैं। पंडाल की बनावट में बांस, पेलाई, थर्मोकॉल, लोहे की स्ट्रक्चर, और रंग-बिरंगे कपड़ों के साथ-साथ एलइडी लाइटिंग का भी प्रयोग किया गया है, जो इसे अत्यंत आकर्षक और भव्य रूप देगा।

विद्युत लेखाकर्मी संघ ने प्रदर्शन किया

जालोर, (कासं)। राजस्थान विद्युत लेखाकर्मी संघ जालोर ने शुक्रवार कोअपनी पांच सूत्री मांगो को लेकर जिलाध्यक्ष विनोद आर्य के नेतृत्व मे प्रदर्शन किया। अपनी मांगो को लेकर प्रबन्ध निदेशक जोधपुर डिस्काम के नाम से अधीक्षण अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि उनकी मांगो में लेखाधिकारी की सीधी भर्ती पर रोक लगाना और खण्ड स्तर पर सहायक लेखाधिकारी प्रथम का पद सृजित करना शामिल है। साथ ही नवसृजित जिलों में लेखा संवर्ग के नए पदों की तत्काल स्वीकृति जारी करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। 2018 के बाद नवसृजित उपखण्डों में लेखाकार के पद स्वीकृत नहीं किये गये है उनकी स्वीकृति प्रदान कराई जाए। राजस्व नियमावली 2004 के अनुसार उपखण्ड में पूर्व सृजित किये गये कनिष्ठ लेखाकार के पद भरवाए जाए। क्योंकि आज की परिस्थिति में प्रत्येक उपखण्ड में 30 से 35 हजार उपभोक्ता है जिनके लिए एक लेखाकर्मी कार्यरत है एवं पर्याप्त मंत्रालयिक कर्मचारियों की भी नियुक्ति की जावे। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे डिस्काम स्तर पर एक बडा आंदोलन शुरू करेंगे। इस मौके पर गोपाल लाल, धीरज दवे, उत्तम कुमार सहायक लेखा अधिकारी, विनोद कुमार जिला अध्यक्ष, विजय सैनी, इमरान अली, जितेंद्र कुमार ,महेंद्र बेरवा, नारायण माधव, दिलीप कुमार सहित राजस्थान विद्युत लेखाकर्मी संघ के लेखा साथी उपस्थित रहे।

रानी नगर पालिका में शिविर लगा

पाली,(नि.सं.)। जिले के रानी में नगर पालिका परिसर, रानी में चल रहे शहरी सेवा शिविर में आज भी बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में पट्टा वितरण, कृषि भूमि परिवर्तन, भवन निर्माण फाइल का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही पेंशन स्वीकृति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, नालियों की सफाई, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्य भी संपन्न किए गए।शिविर का संचालन नगर पालिका अधिशाषी भरत राठौड़ और उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा नेता प्रतिपक्ष मोहमद इलियास के मार्गदर्शन में किया गया। नगर पालिका पार्षद रेखा माली, महेश कुमार, मनीष मेहता, मुकेश बैरवा, मीठालाल बंजारा जोधाराम कुमावत मोहम्मद अकरम, कर्मचारी गोपाल सिंह, धनाराम चौधरी, बाबूलाल कुमावत, जितेंद्र कुमार, रतनलाल, सुनील खीचड़, कांतिलाल, निजामुद्दीन, फिरोज खान, मनीष कुमार, मोनूकांत, मुकेश दत्ता, जगन्नाथ तथा विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पंचगव्य चिकित्सा शिविर आयोजित

गुड़ामालानी,(नि.सं.)। बावडी शिव मंदिर परिसर में गौशाला महातीर्थ पथमेडा के वैदिक गो उत्पादन फाउंडेशन की ओर से संचालित सुरभि आरोग्य कुलम के तत्वावधान में निशुल्क पंचगव्य आयुर्वैदिक चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन पथमेडा के नंददास महाराज, बलदेव महाराज एवं केवलाराम राजपुरोहित के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राणा कुलदीप सिंह राठौड, उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा, तहसीलदार ईश्वर लाल सोलंकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, , रमेश लाल जोशी के आतिथ्य में हुआ। डॉ.मानवेन्द्र शेखावत ने बताया कि सुरभि आरोग्य कुलम के निशुल्क पंचगव्य आयुर्वैदिक चिकित्सा परामर्श शिविर में कमर दर्द, शुगर ,कैंसर, लकवा,बवासीर सहित स्त्री रोग कमजोर जैसी बिमारियों को लेकर शिविर में आये महिलाओं एवं पुरुषों की बीपी जांच एवं नाडी जांच कर निशुल्क आयुर्वैदिक दवाई उपलब्ध करवाई गई। दो सौ से ज्यादा लोगों ने लाभ लिया। डॉ प्रफुल्ल त्रिवेदी, डॉ मधु,मेल नर्स मुकेश कुमार एवं भावेश देवासी ने सेवाएं दी। कार्यक्रम में अशोक सिंह राजावत,राणमल ओस्तवाल,बाबुलाल राजपुरोहित, जबरसिंह राजपुरोहित, युवा नेता भरत जैन, मिश्रीमल राजपुरोहित, मदनलाल मालू, एएसआई जयकिशन विश्नोई, कांतिलाल सोनी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

गूंज रही है डांडियों की खनक

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर नवरात्रि के चलते सांझ होते ही डांडियो की खनक से गूंज उठता हैं। गली गली मे युवा हिन्दी व गुजराति फिल्मों की धुनों पर गरबा रास करते नजर आ रहे हैं। नवयुवक मंडल की ओर से जोधपुर रोड स्थित एक निजि होटल के उधान मे तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के रोहित भाटी ने बताया कि सांझ ढलते ही युवक युवतिया हिन्दी व गुजराति फिल्मो की धुनो एवं डी.जे पर नृत्य कर मॉ अम्बे की अराधना कर रहे हैं। डांडिया रास मे दमन से आए एस. कुमार व सूरत के जेनिस दवे मनमोहक अंदाज मे गुजराति गाने गाकर सभी का मन मोह रहे है। वही एंकर आरती राजपुरोहित भी अपने अनूठे अंदाज मे जलवा बिखेर रही है। आयोजन मे राजवीर सिंह राठौड़, दीपेन्द्र सिंह, गोविन्द वैष्णव, वैभव बैरवा, उमेश चौधरी, मनीष वैष्णव, कुलदीप चौहान, ऋषभ चौहान, नरेन्द्र प्रजापत आदि जुटे हुए है।

पाली में कई जगह गरबा का आयोजन

पाली, (नि.सं.)। पुराना बस स्टैंड के निकट चारनियों के बास में राजराजेश्वरी ग्रुप द्वारा हर वर्ष की भाती गरबा नृत्य का आयोजन हो रहा है। यहां पर करीब सवा सौ साल पहले गुजरात से आए परिवार निवास करते हैं। रिमझिम रोशनी और गुजराती धुन पर यहां ताली बजाकर नृत्य करते हैं। रोजाना विभिन्न रंग बिरंगी ड्रेस पहनकर युवक और महिलाएं मां अंबे की आरती के पश्चात गरबा नृत्य में भाग लेती हैं। पिछले कई वर्षों से यहां पर गरबा नृत्य चल रहा है, जिसमें शेखर गो गिया, धीरज चारण यशवंत नीरज, कार्तिक प्रवीण गौतम कुंदन अरुण मुकुल प्रताप चंदन का सहयोग रहता है। इसी प्रकार से श्रीमाली ब्राह्मण समाज, स्वर्णकार समाज, पाली वालों का बास, भैंरू घाट गरबा मंडल पर गरबा चल रहे हैं।

सीवरेज कार्य का शिलान्यास आज

जालोर, (कासं)। विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 27 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे जालोर क्लब में बजट घोषणा 2024-25 के अनुसरण में जालोर शहर में 25 करोड़ की लागत से होने वाले सीवरेज कार्य का शिलान्यास करेंगे। नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि शिलान्यास के उपरांत 25 करोड़ की लागत से जालोर शहर में सीवरेज के कार्य से शहरवासियों को गंदे पानी की समस्या से निजात मिलेगी तथा सुंदेलाव तालाब में सीवरेज के बहाव की समस्या का समाधान हो सकेगा।

सायला में 5 अक्टूबर को पथ संचलन

सायला, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर सायला मंडल 5 अक्टूबर को पथ संचलन करेगा। आयोजन की तैयारियों को गति देने के लिए शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड स्थित गणपति मंदिर में भगवान गणेशजी को पीले चावल अर्पित कर कार्यक्रम का न्योता दिया गया। संपर्क अभियान की शुरुआत की गई तथा पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

बचत उत्सव, मंत्री जोराराम कुमावत ने पदयात्रा निकाली

पाली, (नि.सं.)। पशुपालन विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरें कम करने के साथ ही जीएसटी की सिर्फ दो स्लैब रखते हुए आमजन को राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा कम की गई जीएसटी दरों का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। कुमावत ने शुक्रवार को सुमेरपुर के व्यापारिक संगठनों के साथ भैरू चौक से मेहता प्याऊ तक पदयात्रा निकालकर आमजन को जीएसटी दरों में कमी के बाद वस्तुओं के दामों में आई कमी के बारे में जागरूक किया। इसके बाद उन्होंने व्यापारिक संगठनों की सभा को संबोधित करते हुए जीएसटी दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आहवान किया।

उन्होंने व्यापारी वर्ग का आहवान किया कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ आज से ही आम उपभोक्ता तक पहुंचाएं। रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के दाम कम होने से उन्हें बचत होगी और वे अपने बच्चों के भविष्य और बेहतर शिक्षा पर ज्यादा खर्च कर पाएंगे, ज्यादा निवेश कर पाएंगे।

जीएसटी बचत उत्सव के तहत आयोजित इस सभा में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर आमजन को आर्थिक बचत का तोहफा दिया है। इस ऐतिहासिक निर्णय का लाभ व्यापारी वर्ग को वस्तुएं सस्ती कर आमजन पहुंचाना होगा और व्यापारी वर्ग की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि आज से ही नई दरों का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाएं।

उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के संदेश को अपनाते हुए सभी राष्ट्र को प्रथम मानकर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। उन्होंने व्यापारी वर्ग का आ ान किया कि जीएसटी की दरों में की गई कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक आज से ही पहुंचना शुरू करें।

पशुपालन विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर के व्यापारिक संगठनों के साथ भैरू चौक से मेहता प्याऊ तक पदयात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान व्यापारिक संगठनों के द्वारा व्यापार जगत में आ रही समस्याओं और उनसे राहत प्रदान करने का आग्राह किया गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि हम सभी प्रधानमंत्री के द्वारा किये गये जीएसटी सरलीकरण का लाभ आमजन तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर मंत्री कुमावत का जगह-जगह फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्होंने दुकानों पर जीएसटी की दरें घटाने संबंधी जागरूकता पोस्टर भी चस्पा किए।

इस मौके पर प्रसन्न मेहता, पूनमसिंह परमार, अनोपसिंह राठौड़, रमेश बोहरा,भूपेंद्र गोयल, व्यापार संघ अध्यक्ष पुखराज कुमावत, वाणिज्यिक कर विभाग, वृत सुमेरपुर के एसीटीओ महिपाल सिंह, डीवाईएसपी जितेंद्र सिंह मंचासीन थे। पदयात्रा में शिवराज सिंह बिठिया, मांगीलाल सुथार, ललित राकावत चेयरमैन तख़्तगढ़, दिनेश कुमावत तख़्तगढ़, हडमंतसिंह बांकली, पारस सोलंकी तख्तगढ, रविकांत रावल , स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इष्ट, गुरु व माता-पिता में दोष नहीं देखें : आलसी बाबा

अनुबंध वृद्धजन कुटीर में आयोजित बाबा रामदेव कथा को लेकर बुजुर्ग उत्साहित नजर आए।

जोधपुर, (कासं)। साधक को अपने इष्ट, गुरु ओर माता पिता में दोष नहीं देखना चाहिए। जो लोग ऐसा करते हैं वे घोर पाप के भागीदार है। ऐसे पापियों से भगवान भी नाखुश रहते हैं। उनके दान पुण्य को भी ईश्वर स्वीकार नहीं करते।

यह बात अनुबंध वृद्धजन कुटीर में नवरात्रा पर आयोजित तीन दिवसीय श्री बाबा रामदेव कथा के दूसरे दिन कथा वाचक मिश्रीलाल पंवार "आलसी बाबा" ने कही। बाबा रामदेव के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों की की चर्चा करते उन्होंने कहा कि बाबा रामदेवजी का पूरा जीवन लोगों को सतमार्ग दिखाने में ही समर्पित रहा। अपने जीवन काल में उन्होंने जितने भी पर्चे दिए, उनके पीछे शिक्षा का सन्देश था। जातीय झगड़ों में बंटे हिन्दु समाज को उन्होंने एकता का पाठ पढ़ाया। ऊंच नीच के भेद को मिटाने के लिए खुद ने पहले की।

उन्होंने कहा कि मारवाड़ की मिटी का एक एक कण बाबा रामदेव का ऋणी है। धोरा की इस धरती पर अवतरित होकर उन्होंने इसे देव भूमि के रूप में स्थापित किया। इससे पूर्व श्याम गुप्ता शान्त, श्रीमती अनुराधा अडवानी, नरेन्द्र तथा अनुबंध वृद्धजन कुटीर के वृद्धजनों ने मंगलाचरण आरती में भाग लिया। अनुबंध वृद्धजन कुटीर की संचालिका श्रीमती अनुराधा अडवानी ने बताया कि कुटीर के वृद्ध जन कथा का श्रवण कर भाव विभोर हो उठे।तीन दिवसीय कथा की पूर्ण आरती 27 सितम्बर को होगी। इसी दिन विश्व प्रसिद्ध जादूगर गोपाल अनुबंध कुटीर के वृद्ध मनिषियों को अपने जादुई कार्यक्रमों का करिश्मा दिखाएंगे। आज गणतंत्र डाबी ने संचालन किया। आज कथा का श्रवण करने क्षेत्र के निवासी भी पहुंचे।

प्रधानाचार्य ने होनहारों को हवाई यात्रा करवाई

जालोर, (कासं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोदरान के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में एक मिसाल कायम करते हुए विद्यालय के उन विद्यार्थियों को विशेष सम्मान दिया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। अपनी व्यक्तिगत पहल और खर्च से उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल हवाई यात्रा का अवसर उपलब्ध करवाया, बल्कि अहमदाबाद व मुंबई महानगरों में शैक्षिक भ्रमण भी कराया।

इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने अहमदाबाद साइंस सिटी का अवलोकन किया तथा मुंबई पहुँचकर गेट वे ऑफ इण्डिया,प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम, नेहरु सांईस सेंटर, मुम्बई हाई कोर्ट, सचिवालय, विधानसभा भवन सहित कई ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक स्थलों का अध्ययन किया। प्रधानाचार्य श्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तक तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें दुनिया को समझने और अनुभव करने का भी अवसर मिलना चाहिए। मेरी यह पहल विद्यार्थियों को आगे बढने की प्रेरणा देगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह दोगुना करेगी। स्थानीय जनों और अभिभावकों ने भी प्रधानाचार्य सिंह की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए नई राह खोलेगा।

प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह का अभिनव प्रयास, मेधावी विद्यार्थियों को हवाई यात्रा मिली है। प्रधानाचार्य सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकों से परे वास्तविक जीवन के अनुभव भी मिलने चाहिए।

शहरी सेवा शिविरों में कई लोगों की समस्याओं का हुआ निस्तारण

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए जिले के शहरी निकायों में 17 अक्टूबर, 2025 तक शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 12 से 15 तक के लिए नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वीकृतियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया। शिविर में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत नगर परिषद सभागार में आयोजित कैंप में नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर ने नमस्ते योजना से प्राप्त पीपीई किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान से जुड़ी जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि पीपीई किट स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है

जालोर नगर परिषद् में आयुक्त दिलीप माथुर ने सफाई कर्मियों को पी.पी.ई. किट बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

और इनके माध्यम से कार्य कुशलता तथा स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित किया जा सकेगा। नगर परिषद द्वारा यह पहल स्वच्छ जालोर निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक श्रवणराम जाट, एसआई महावीर, एसबीएम इंचार्ज अविनाश सिंह व सहायक अभियंता नरेंद्र बैरवा उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान, 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर स्थित नगर परिषद सभागार में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वच्छता मित्रों का हैल्थ चेकअप करते हुए उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इसी प्रकार नगर परिषद जालोर की टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए आरआरआर (रिड्यूज, रियूज, रिसाइकल) सेंटर की महत्ता व स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता अपनाकर स्वस्थ और सुंदर समाज के निर्माण की बात कही। नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 16 से 19 तक के लिए 27 व 29 सितम्बर को नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें नागरिकों के विभिन्न कार्य करने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

कांग्रेसजनों ने रोष जताया

रेवदर, (निसं)। राजस्थान विधानसभा के रेस्ट रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के आव्हान पर जिला कांग्रेस अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के बैनरत ले रेवदर विधानसभा मुख्यालय पर विधायक मोतीराम कोली के नेतृत्व, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूनमचन्द पुरोहित की अध्यक्षता एवं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ की उपस्थिति में विधानसभा अध्यक्ष का पूतला फूंका।

विरोध प्रदर्शन से पहले विधायक मोतीराम कोली ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए बताया कि विधानसभा के रेस्ट रूम में कैमरे लगाते हुए कैमरों का नियंत्रण सार्वजनिक नहीं करना विधायकों की निजता पर संकट है। विधानसभा के सदस्यों को इसकी जानकारी नहीं देते हुए ये कार्य करवाना सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगाता है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ ने देश के हालातों की जानकारी देते हुए कहा कि वोर चोरी को जिस प्रकार कांग्रेस ने उजागर किया है, देश के संविधान के उद्देश्य से विपरित होने वाली प्रत्येक परिस्थिति पर कांग्रेस देश की जनता के हित में सडकों पर रहेगी। आजादी से पहले व आजादी के बाद भी कांग्रेस ने त्याग और बलिदान की भावना से देश को आगे बढाने का कार्य किया है।

अभाव अभियोग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूनमचन्द पुरोहित ने बताया कि अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष योगिता शर्मा के आव्हान पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर विधानसभा अध्यक्ष का पूतला फूंका गया है, उसी के तहत आज रेवदर मुख्यालय पर आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ओमप्रकाश पालीवाल, कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल, भवानीसिंह भटाणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष बलवन्तसिंह देवडा, हिमपालसिंह देवल, लाखाराम चौधरी, डूंगरसिंह देवडा, पंचायत समिति सदस्य तखतसिंह भैरूगढ, दांतराई मण्डल अध्यक्ष सूरताराम देवासी, जिला सचिव मजहर हुसैन, खंगारराम मेघवाल, हुकमसिंह वडवज, कन्हैयालाल कोली, भीखसिंह राव, रवि पुरोहित, देवाराम पुरोहित, विनोदसिंह, मालमसिंह, नारायण प्रजापत, जैसाराम मेघवाल, पिन्टू मेघवाल, असरफ जैदी, सरफराज बलोच, सनी अग्रवाल, अरविन्द जोशी, चन्दन कुमार, भूरे खान, नगाराम, तेजाराम मेघवाल, जगाराम मेघवाल समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

महिला कृषकों को मिनी बीज किट बांटे

जालोर, (कासं)। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने शुक्रवार को जालोर तहसील की रेवत ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएँ देखी।

राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने विभागवार लगाई गई हेल्प डेस्क पर पहुँच अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के निस्तारण को लेकर फीडबैक लिया।उन्होंने अधिकारियों-कार्मिकों को निर्देश दिए कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा शिविरों का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के लोगों को घर के पास ही विभिन्न योजनाओं का लाभ देना है, इसलिए सभी कार्मिक अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित आमजन से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने महिला कृषकों को मिनी बीज किट प्रदान किए।

इस अवसर पर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला, तहसीलदार संजय बोहरा, डिंपल सिंह, स्वरूप सिंह, महेंद्र सिंह, सकाराम, गेमर सिंह, हरिसिंह, भरत मेघवाल, खेत सिंह कलापुरा अन्य ग्रामीण सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

वही शुक्रवार को जालोर तहसील की मडगांव व रेवत, आहोर तहसील की दयालपुरा व डोडियाली, भाद्राजून तहसील की शंखवाली व चूण्डा, सायला तहसील की ओटवाला व आसाणा, बागोड़ा तहसील की बिजलिया व बागोड़ा, भीनमाल तहसील की लूणावास व जुंजाणी, जसवंतपुरा तहसील की बासडाधनजी व सेरणा, रानीवाड़ा तहसील की दांतवाड़ा व करवाड़ा, सांचौर तहसील की दांतिया व चौरा एवं चितलवाना तहसील की खिरोड़ी व परावा ग्राम पंचायत में प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

वही जिले में 27 सितम्बर को जालोर तहसील की नारणावास व दीगांव, आहोर तहसील की गुडा बालोतान व हरजी, भाद्राजून तहसील की सुगालिया जोधा व बावड़ी, सायला तहसील की पोषाणा व सुराणा, बागोड़ा तहसील की धुम्बड़िया व नरसाणा, भीनमाल तहसील की पूनासा व निम्बावास, जसवंतपुरा तहसील की पूरण व थूर, रानीवाड़ा तहसील की रामपुरा व सूरजवाड़ा, सांचौर तहसील की अचलपुर व दूगावा एवं चितलवाना तहसील की सुराचंद व सूंथड़ी ग्राम पंचायत में प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन का शुभारंभ पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर पारख ने कहा कि शिक्षक राष्ट्रिनर्माता है तथा शिक्षक के कंधो पर राष्ट्र के निर्माण का दायित्व होता है। देश ने हमें बहुत कुछ दिया है। इसके बदले में देश के प्रति हमारा भी कत्तर्व्य बनता है कि हम नैतिक रूप से विद्यार्थियों को मजबूत बनाएं ताकि भ्रष्टाचार खत्म हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेन्द्र बोहरा ने कहा कि शिक्षको द्वारा विद्यार्थियों में देशभक्ति की कहानियों के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत की जानी चाहिए। साथ ही लोगों को मिलेट्स एवं स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने के लिए प्रेरित करें। पूर्व सीबीईओ विजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य हरीश व्यास, पूर्व जिला महिला अध्यक्ष जयन्ता व्यास ने शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। शिक्षकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में डबल ड्यूटी, चुनावी बीएलओ कार्य आदि से मुक्त रखने की मांग की। इस पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को राज्य सरकार तक पहुँचाकर समाधान का आश्वासन दिया।

सम्मेलन में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राहुल कुमार राजपुरोहित ने शिक्षकों से विभागीय कार्य समय पर करने तथा विद्यार्थी हित में काम करने का आ ान किया। सीबीईओ दिलीप कर्मचंदानी ने शिक्षकों को विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर कार्य करने का आहवान किया।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी ने संघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए समस्त अतिथियों तथा संभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन में संगठन की पूर्व महिला अध्यक्ष नीलिमा अचलावत, जयंता व्यास सहित संघ से जुड़े सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों, व्यख्याताओं, अध्यापकों, वरिष्ठ अध्यापकों, प्रयोगशाला सहायकों, का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं अभिनन्दन-पत्र देकर बहुमान किया। सम्मेलन में नव पदोन्नत प्रधानाचार्यों का भी बहुमान किया गया। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला मंत्री रतन बारूपाल,पूर्व कोषाध्यक्ष दलपतराज राकावत, पूर्व सभाध्यक्ष नीमाराम देवासी,जिला उपाध्यक्ष मादाराम पंवार, जबर सिंह राठौड़, चंदन सिंह, पंकज शर्मा, सभाध्यक्ष नरेश बोहरा, कोषाध्यक्ष हेमंत दवे, प्रदेश महिला संयुक्त मंत्री विमलेश भदौरिया, जिला महिला अध्यक्ष कृष्णा शर्मा, पाली ब्लाक अध्यक्ष यजुर्वेद खेमलानी, ब्लाक मंत्री जयपाल सिह, नरेन्द्रसिंह आदि ने भी संबोधित किया। मंच संचालन प्रधानाचार्य हितेश रामावत, व्याख्याता राजेन्द्र जैन ने किया। बांगड़ स्कूल के प्रधानाचार्य बसंत परिहार, सत्यनारायण पुनाड़िया, प्रताप सिंह जोधा जिला मंत्री भाजपा, मानवेन्द्र सिंह भाटी अध्यक्ष महाराणा प्रताप मंडल, मुकेश गोस्वामी पूर्व पार्षद, दीपक जैन समाजसेवी भी उपस्थित थे।

सुमित गोदारा ने बैठक ली

पाली संवाददाता के अनुसार : खाद्य सुरक्षा एवं नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को कलक्टर कार्यालय के सभागार में रसद विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि गिव अभियान का उदेश्य पात्र व्यक्तियों को ही इसका लाभ दिलाना है व सक्षम लोगों को स्वेच्छा से इसका त्याग करना चाहिये ताकि पात्रमंद को लाभ मिले।